Fourteenth Loksabha

Session : 8
Date : 23-08-2006

Participants : Shiwankar Shri Maha Deo Rao

an>

Title : Need to provide additional flood relief package to Vidarbha, Maharashtra.

प्रो. महादेवराव शिवनकर (चिमूर) : उपाध्यक्ष महोदय, महाराट्र के विदर्भ इलाके में गोंदिया, गढ़चिरौली, भण्डारा, चन्द्रपुर, नागपुर और वर्धा जिलों में बाढ़ से भारी नुकसान हुआ है। संजय सागर और वाणगंगा की उप-नदी के बांध से अचानक पानी खोलने से 12 हजार से ज्यादा घरों को क्षति हुई है। इससे हज़ारो एकड़ धान और सोयाबीन की फसल नट हुई है, करीब 50 लोग जान से हाथ धो बैठे हैं। जान-माल का भारी नुकसान हुआ है। सड़कें बह गई हैं, छोटी सिचाई योजनायें टूट गई हैं, पाठशालायें टूट गई हैं। महाराट्र के मुख्यमंत्री ने माननीय प्रधान मंत्री जी से 500 करोड़ रुपये के विशेा पैकेज की मांग की है। मेरा केन्द्र सरकार से निवेदन है कि 500 करोड़ रुपये का पैकेज देकर ग्रामीणों को सहायता दें। गत वर्ा भी बाढ़ से भारी तबाही हुई थी और इस वर्ा भी काफी नुकसान हुआ है। किसानों को आत्महत्या करनी पड़ रही है। मेरा अनुरोध है कि सम्पूर्ण जिलों में किसानों के ऋण माफ किये जायें। जो मारे गये हैं, उनके परिवार को एक लाख रुपया केन्द्र सरकार की ओर से या प्रधान मंत्री सहायता कोा से दें। प्रत्येक नुकसान हुए घर को 40 हजार रुपये दिये जायें। जिनकी धान और सोयाबीन की फसल नट हुई हुई है, 10-10 हजार रुपया प्रति हैक्टेयर के लिये राहत के रूप में दिये जायें। महाराट्र सरकार को इस आशय के निर्देश दिया जायें और इसे उस पैकेज में समावेश किया जाये। एक केन्द्रीय जांच दल दौरा करे और विदर्भ के जिलों में सोयाबीन तथा धान की फसल के नुकसान का जायजा लेकर उनकी सहायता करे।